नेतरहाट आवासीय विद्यालय,
नेतरहाट

संख्या : 1312 **दिनांक :** 18-08-2023

प्रिय अभिभावकगण,

आशा है सपरिवार सकुशल एवं आनंदपूर्वक होंगे। वर्षावकाश, 2023 के उपरांत विद्यालय दिनांक–20.08.2023 (रविवार) को खुल रहा है। सुदृढ़ सुरक्षा व सुव्यवस्था हेतु छात्र को विद्यालय भेजते समय निम्न बिन्दुओं पर आपका सहयोग वांछित है :–

1. छात्र के विलंब से आने की स्थिति में विलंब शुल्क देय होता है। इसलिए छात्र को समय से विद्यालय भेजें। किसी बीमारी अथवा वैधानिक कारण से विलंब होने पर प्राचार्य एवं आश्रमाध्यक्ष को आवेदन के माध्यम से सूचित अवश्य करें।
2. छात्र के विलंब से आने की स्थिति में बिना अभिभावक के एवं बिना प्राचार्य की अनुमति के विद्यालय तथा आश्रम में प्रवेश नहीं लिया जाएगा।
3. विद्यालय आदेशांक–149, दिनांक–10.02.2022 के आलोक में विद्यालय में छात्रों को मोबाईल फोन/टैब, स्मार्टवॉच तथा अन्य इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट रखना पूर्णतया प्रतिबंधित है। अभिभावक कृपया यह सुनिश्चित कर लेंगे कि आपका प्रतिपाल्य कोई भी वर्जित सामग्री/उपकरण तो नहीं ला रहा है।
4. विद्यालय में विद्यालय गणवेश के अतिरिक्त अन्य वस्त्र, जूता, चप्पल, घड़ी इत्यादि रखना भी वर्जित है।
5. कृपया सुनिश्चित कर लें कि आपके प्रतिपाल्य ने विद्यालय आने से पूर्व वर्षावकाश गृहकार्य पूर्ण कर लिया है।
6. छात्रों को पॉकेट मनी/परीक्षा शुल्क के लिए जो भी धनराशि दें उस राशि की सूचना आश्रमाध्यक्ष को भी अवश्य दे दें। छात्र को जो भी पॉकेट मनी दें परंपरानुसार आश्रमाध्यक्ष के पास जमा करने का स्पष्ट निर्देश दे दें। छात्र के पास नगद राशि होना वर्जित है।

आशा है आप सभी का सकारात्मक सहयोग विद्यालय को मिलता रहेगा।

18/08/23

(डॉ० प्रसाद पासवान)
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट